भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 4321
उत्तर दिनांक 02/04/2026 को दिया गया

कल्पक्क्म में एफआरएफसीएफ की स्थिति

4321. श्री आर. गिरिराजन

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) कलपक्कम स्थित फास्ट रिएक्टर फ्यूल साइकिल फैसिलिटी (एफआरएफसीएफ) के निर्माण में अत्यधिक देरी होने के क्या कारण हैं;

(ख) इस सुविधा पर अब तक किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है और मूल आवंटन में कितनी लागत वृद्धि हुई है; और

(ग) वहां चल रहे कार्य की वर्तमान स्थिति और प्रगति क्या है, इस पर होने वाला संभावित व्यय कितना है और इसके पूरा होने की अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) परियोजना ने सभी समानांतर गतिविधियों में संतोषजनक रूप से प्रगति की है; हालाँकि, समग्र पूर्णता समय-सीमा पर प्रभाव पड़ा, जिसका कारण परियोजना की शुरुआत में विलंब रहा, यह विलंब कमजोर आधारभूत स्तर के सुधार हेतु अतिरिक्त खुदाई की आवश्यकता, राज्य प्रतिबंध के कारण प्राकृतिक नदी रेत की अनुपलब्धता, खनन मंजूरी के अभाव में चट्टान उत्खनन में देरी, वर्ष 2015 में अप्रत्याशित बारिश और बाढ़ और कोविड-19 महामारी के कारण सामग्री आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, कुशल जनशक्ति की कमी और वित्तीय दबाब जैसे कारकों से उत्पन्न हुआ। उपरोक्त के अलावा, एफओआईके (अपने प्रकार के पहले) उपकरणों के शामिल होने के कारण देरी हुई क्योंकि इसके लिए विस्तारित डिजाइन सत्यापन, प्रोटोटाइप विकास, पुनरावृत्त परीक्षण, एकीकरण की आवश्यकता और संरक्षा समीक्षा आवश्यकताएं थी, जैसा कि इनके पास कोई पूर्व विनिर्माण या प्रचालन संदर्भ उपलब्ध नहीं था।

(ख) दिनांक 28 फरवरी 2026 तक 4904 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। मूल आवंटन में लागत वृद्धि की कोई संभावना नहीं है।

(ग) परियोजना संतोषजनक ढंग से प्रगति कर रही है और सभी प्रमुख खंडों के लिए सिविल कार्य पूरे हो गए हैं। विभिन्न खंडों में यांत्रिक प्रणाली निर्माण, वातानुकूलन और संवातन प्रणाली, पाइपिंग और विद्युत कार्य प्रगति पर हैं। परियोजना को पूरा करने के लिए कुल 9589 करोड़ रुपए खर्च होने की संभावना है। परियोजना को परियोजना के तहत सभी सुविधाओं की कमीशनिंग के साथ दिसंबर, 2029 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है।

*****